an>

Title: Need to recognize post-graduate medical courses of Netaji Subhash Chandra Bose Medical College, Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर (मध्य प्रदेश) के टी.बी. एवं चेस्ट विभाग के चिकित्सकों द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त महाविद्यालय के डीटीसीडी, डीओएमएस, डीएलओ एवं डीसीपी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को भारत सरकार/एमसीआई से मान्यता प्राप्त संबंधी कार्यवाही विगत कई वर्षों से लंबित है, जिसके कारण उक्त पाठ्यक्रम पूर्ण कर डिग्री प्राप्त कर चुके चिकित्सकों का भविष्य अंधकारमय हो गया है तथा संबंधित चिकित्सक मान्यता प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में कार्य नहीं कर पा रहे हैं, जिससे प्रदेश के मरीजों को उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

डीटीसीडी एवं अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को भारत सरकार/एमसीआई के मान्यता दिलाए जाने के संबंध में मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भी इस संबंध में लिखा गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संदर्भ में प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा संयुक्त सचिव, भारत सरकार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली को भी पूर्व में निवेदन कर चुके हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त प्रकरण पर अतिशीघ्र सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए डिग्रीधारी चिकत्सकों को न्याय दिलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।